# कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—मा / माध्यमिक / निरी. / 22418 / शिविरा पंचांग 2025—26 / 2025—35563 पार्ट फा.—01 दिनांक यथा हस्ताक्षर

शासन उप सचिव
शिक्षा (ग्रुप—1) विभाग
शासन सचिवालय, राजस्थान
जयपुर।

**विषय :** शिविरा पंचांग सत्र 2025—26 में मध्यावधि अवकाश की तिथि में संशोधन बाबत।

**प्रसंग :** विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी / संस्कृत) एवं पंचायतीराज विभाग का पत्रांक : मंत्री / शिक्षा / पंरा / 2025 / 18605 जयपुर दिनांक : 13.08.2025।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के संबंध में लेख है कि शिविरा पंचांग सत्र 2025—26 में दिनांक : 16.10.2025 से 27.10.2025 (कुल 12 दिवस का) तक मध्यावधि अवकाश प्रस्तावित है, जो शासन स्तर से अनुमोदित है।

प्रासंगिक पत्र द्वारा माननीय शिक्षा मंत्री महोदय द्वारा मध्यावधि अवकाश की तिथियों में परिवर्तन कर उक्त अवकाश दिनांक : 13.10.2025 से 24.10.2025 (कुल 12 दिवस) तक रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

शिविरा पंचांग 2025—25 में दिनांक 13 से 15 अक्टुबर 2025 तक द्वितीय परख होना निर्धारित है। शिविरा पंचांग में उक्त अनुसार संशोधन किये जाने की स्थिति में द्वितीय परख की तिथियों में संशोधन किया जाना होगा। यदि उक्तानुसार मध्यावधि अवकाश संशोधन किया जाता है तो द्वितीय परख की तिथियों में संशोधन कर मध्यावधि अवकाश के पश्चात दिनांक : 25.10.2025 से 28.10.2025 के मध्य आयोजित की जा सकती है।

शिविरा पंचांग सत्र 2025—26 में संशोधन के संबंध में प्राप्त निर्देश के संबंध में सक्षम स्तर से अनुमोदनार्थ पत्र प्रेषित है।

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर ,
एवं पदेन अति.राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (SMSA)

क्रमांक : शिविरा—मा / माध्यमिक / निरी. / 22418 / शिविरा पंचांग 2025—26 / 2025—35563 पार्ट फा.—01 दिनांक यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि—निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. विशिष्ट सहायक, कार्यालय मंत्री, शिक्षा(विद्यालयी / संस्कृत) एवं पंचायत राज विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. रक्षित पत्रावली

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.08.22 17:06:30 IST
Reason: Approved

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर ,
एवं पदेन अति.राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.08.22 17:06:30 IST
Reason: Approved